वर्ष- 21 अंक - 249 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 22 फरवरी 2026

# आतंकी हमले की साजिश नाकाम!

## तमिलनाडु-बंगाल से 8 टेररिस्ट अरेस्ट



**नई दिल्ली.एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी होने के बाद बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है। पुलिस ने बड़े आतंकी हमले की प्लानिंग बनाने वाले 8 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों के इशारे पर काम कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने तमिलनाडु से 6 और पश्चिम बंगाल से 2 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है अब पुलिस इन आरोपियों को दिल्ली लेकर आ रही है।

गिरफ्तार हुए आरोपियों में बांग्लादेश के नागरिक भी शामिल हैं। उनके पास से 8 मोबाइल फोन और 16 सिम कार्ड भी बरामद हुए हैं। आरोपियों के नाम मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल हैं।

ये लोग फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस ने पश्चिम बंगाल से भी 2 आरोपी गिरफ्तार किए हैं, इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल है। इस आतंकी मॉड्यूल ने 8 फरवरी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों और मेट्रो में भड़काऊ पोस्टर लगाए थे, जिनमें कश्मीर से जुड़ी बातें भी लिखी गई थीं। भड़काऊ पोस्टर में फ्री कश्मीर जैसी बातें लिखी हुई थीं।

जब दिल्ली पुलिस ने पोस्टर को लेकर जांच शुरू की तो इस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने इन सभी को तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स से गिरफ्तार किया।



## शरद पवार फिर अस्पताल में भर्ती

**मुंबई.एजेंसी।** राकांपा नेता शरद पवार को एक बार फिर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उनको कमजोरी महसूस होने के बाद रूबी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बता दें कि लगातार उनकी तबीयत चिंताजनक बनी हुई है।

## बारात आने से पहले ही दो बहनों ने दी जान

**जोधपुर.एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर के सूरसागर थाना क्षेत्र में मणाई गांव में शादी की खुशियों का माहौल उस समय चीख-पुकार में बदल गया जब दो सगी बहनों ने शादी के कुछ घंटे पहले ही जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मृतक बहनों की पहचान शोभा और विमला के रूप में हुई। इस घटना के पीछे एक गहरा पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है। मृतका के मामा ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके जीजा दीप सिंह के भाइयों ने सगाई को लेकर काफी दबाव बनाया था।

# रमजान के पाक महीने में पाक ने बहाया खून

## अफगानिस्तान में मदरसे सहित कई ठिकानों पर बरसाए बम



# एक ही परिवार के 19 लोगों की मौत

## अफगानिस्तान ने दी बदला लेने की धमकी

**काबुल.एजेंसी। रमजान के पाक महीने में पाकिस्तान की सेना ने आज तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया।**

पाकिस्तान ने आतंकी ठिकानों पर यह हमला बताया। पाकिस्तान ने एयर स्ट्राइक के दौरान कई आतंकी ठिकानों पर बम बरसाने का दावा किया। इन हमलों में 28 आतंकियों के मारे जाने का भी दावा किया गया। जबकि अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने एक मदरसे सहित कई घरों को भी निशाना बनाया। इस हमले से एक ही परिवार के 19 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए। मृतकों में 80 साल के बुजुर्ग और 1 साल के बच्चे से लेकर कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने कहा कि वह अब पाकिस्तान पर जवाबी हमला करेगा और इसका बदला लेगा।

## बंद मकान में 5 लाशें मिलने से हड़कंप

**कासगंज.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कासगंज से एक बंद मकान में 5 लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिस मकान में शव मिले हैं, वह मकान 3 दिन से बंद था। पड़ोसियों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जब दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो अंदर का नजारा रोंगटे खड़ा कर देने वाला था। हर तरफ लाशें पड़ी थीं। शुरुआती जांच में पता चल रहा है कि यह सामूहिक आत्महत्या है। चर्चा है कि परिवार के मुखिया श्यामवीर ने पहले पत्नी शीला (48), बेटी आकांक्षा (10), प्राची (12) और बेटे ग्रीस (8) को जहरीला पदार्थ दे दिया। इसके बाद खुद श्यामवीर ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## घर में महिला और बच्ची की लाश

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में महिला और उसकी 6 वर्षीय बेटी की हत्या से सनसनी फैल गई। दोनों के शव घर के बेड बॉक्स में छिपे मिले और एम्स में मृत घोषित किया गया। पोस्टमार्टम में गला घोंटकर और मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने पड़ोसी अकाउंटेंट दीन दयाल को मुख्य संदिग्ध माना है।

## दो हादसों में 5 पुलिसकर्मियों सहित 8 की मौत

**रविवार.एजेंसी।** ओडिशा में एक ट्रेलर गाड़ी ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी जिससे 5 पुलिसकर्मियों की मौत और 3 घायल हो गए। उधर उत्तरप्रदेश के बदायूं में दो बसों की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।

## नशे में धुत दूल्हे ने दुल्हन को मारी लात ससुर को भी पीटा

**बाराबंकी.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में बाराबंकी के रामनगर तहसील के गणेशपुर में जयमाला के दौरान नशे में धुत दूल्हे ने दुल्हन को लात मार दी और ससुर से हाथापाई कर दी। इसके बाद बाराती और घराती आपस में भिड़ गए, जिसमें कई लोग घायल हुए। बाद में दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद शादी की रस्में पूरी हुईं।

## जंगल में शिवलिंग पर सिर रगड़ता दिखा बाघ



**कटनी.एजेंसी।** मध्य प्रदेश की कटनी जिले में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है। जिले के ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत शाहडार के जंगल से एक वीडियो सामने आया है। जहां एक बाघ जंगल में स्थित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर अपना सिर रगड़ता हुआ दिखाई दिया। यह नजारा किसी ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जिसका विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## 13 साल की छात्रा से 5 शिक्षकों ने किया रेप

**भुवनेश्वर.एजेंसी। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में प्राइवेट स्कूल के पांच शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन शिक्षकों ने 13 साल की छात्रा के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया।**

# आनंदवन-2 की मतदाता सूची में त्रुटि का आरोप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भाग संख्या 208, इंदौर-5 की जारी की गई संशोधित मतदाता सूची में आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के लगभग 500 रहवासियों ने गंभीर त्रुटियों का आरोप लगाया हैं। रहवासियों के अनुसार अधिकांश मतदाताओं के पूरे पते अंकित नहीं किए गए हैं। कई स्थानों पर नामों में भी गलतियाँ दर्ज हैं। इतना ही नहीं, एक ही मकान में रहने वाले परिवार के सदस्यों के क्रमांक (सीरियल नंबर) में भी काफी अंतर पाया गया है, जिससे मतदान के समय असुविधा होने की आशंका है। रहवासियों का कहना है कि करीब 95 प्रतिशत प्रविष्टियों में किसी न किसी प्रकार की त्रुटि पाई गई है। इन त्रुटियों के कारण रहवासियों में चिंता का माहौल है। अब उन्हें सुधार के लिए अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ेगी और अतिरिक्त समय देना होगा। आनंदवन-2 स्कीम 140 के रहवासी के.के.अरोरा ने उक्त जानकारी दी।



# भाजपा नेता और कार्यकर्ता पहुंचे शतक फिल्म देखने

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा पांच के एक वार्ड से भाजपा नेता, कार्यकर्ता और रहवासी फिल्म शतक को देखने पहुंचे। विधायक महेन्द्र हार्डिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, रीतेश रघुवंशी, राकेश जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बनी फिल्म शतक का निशुल्क शो आयोजित किया गया।

# अंशधारी किसानों के हित में कांग्रेस का कल देपालपुर तहसील में धरना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बरलाई शुगर फैक्ट्री मामले में अंशधारी किसानों के साथ कांग्रेस लगातार मैदान में उतरी हुई है। धरना और प्रदर्शन भी किए गए हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि बरलाई शुगर फैक्ट्री परिसर में हरे वृक्षों को काटने का काम भी किया जा रहा है। कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने बताया कि इस मामले में संघर्ष समिति और कांग्रेस मिलकर 24 फरवरी को देपालपुर तहसील मुख्यालय पर धरना और प्रदर्शन करेगी। अतिथि के रूप में सत्यनारायण पटेल भी मौजूद रहेंगे। वहीं इस मामले में अधिकारी और ठेकेदार पर भी कार्रवाई हो।

# विधायक ने दिया नवदम्पति को आशीर्वाद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 51 से जुड़े भाजपा नेता भगवती उपाध्याय के बेटे राज के विवाह आयोजन में विधायक महेन्द्र हार्डिया ने पहुंचकर नवदम्पति को आशीर्वाद दिया। सुमित मिश्रा, दीपक राजोरिया, राजेश उदावत, नन्दकिशोर पहाड़िया, मलखान कटारिया, कमल यादव, कैलाश पिपले सहित अन्य भी मौजूद रहे थे।



## ताई और सांसद भी रहे मौजूद



# अहिल्या स्मारक ट्रस्ट बोर्ड की बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पुराना आरटीओ पर देवी अहिल्या स्मारक के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की पहल पर पुराना आरटीओ में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। कल ताई के अलावा सांसद शंकर लालवानी, समाजसेवी विनोद अग्रवाल, मिलिंद महाजन, अशोक डागा, पुरुषोत्तम पसारी एवं विकास आयुक्त डीएस रणदा भी बैठक में मौजूद रहे। निर्माणाधीन देवी अहिल्या स्मारक के मुद्दे पर चर्चा भी हुई। स्मारक के विकास कार्यों को लेकर निरीक्षण भी हुआ, चर्चा भी हुई। पुराने भवन पर प्लास्टर भी हो रहा है। बाउण्ड्री वॉल भी बन रही है, छतों पर वॉटर प्रूफिंग भी किया जा रहा है। आर्किटेक्ट हिमांशु डूडवडकर, श्रेया भार्गव, प्रवीण श्रीवास्तव ने निर्माण की जानकारी दी।



# 6 गैर मौजूद कांग्रेसियों पर प्रकरण गलत-कांग्रेस

## अध्यक्ष चौकसे बोले- मेरा पत्थर मारते हुए भाजपा बताए प्रमाण

### कांग्रेस ने की थी टमाटर से तैयारी, सामने बन रहा था मकान वहां से भाजपाइयों ने उठाए पत्थर, गांधी भवन में पत्थर आए तो दिया कांग्रेसियों ने जवाब, दो बार पहले भी हो चुकी है युवा मोर्चा द्वारा घटना घटित इसीलिए देना था जवाब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





दो राजनीतिक दलों के बीच कल एक पार्टी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी और विवाद की स्थिति बनने पर पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया। इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बयान जारी कर कहा कि नीलेश सेन शैलू कल जयपुर में थे वहीं रोजा रखे हुए कांग्रेस नेता सादिक खान, जाकिर जक्कू, नफीस गब्बर, परवेज खान, जुनैद भी कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में कल नहीं आए थे। यह 6 लोग कल मौजूद ही नहीं थे और उनके नाम लिखा दिए गए। चौकसे ने कहा कि भाजपा नेता नईम ने अपना हिसाब-किताब मुस्लिम समाज से जुड़े कांग्रेस नेताओं से पूरा करने के लिए उनके नाम लिखवा दिए चिंटू चौकसे ने कहा कि वे पूरे समय डिवाइडर पर खड़े होकर सबको समझाइश दे रहे थे, अगर पूरे घटनाक्रम के दौरान उनके हाथ में पत्थर भी दिखा हो तो भाजपा उसका प्रमाण दें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने भी पत्थर नहीं उठाया और उलटा उनको पत्थर लगा और उन पर भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। इधर कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दो बार भाजपा के युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस के कार्यालय गांधी भवन पर घटना घटित की जा चुकी है और जब कल तीसरी बार गांधी भवन घेरने की जानकारी दी गई तो कांग्रेसियों में नाराजगी थी और सभी कांग्रेसी एकत्रित हुए थे। कांग्रेस कार्यालय में टमाटर लेकर कौन आया उसकी जानकारी भी चिंटू चौकसे के पास नहीं थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस कार्यालय की ओर से टमाटर फेंके गए थे, इधर चिंटू चौकसे ने कहा कि क्षेत्र में मकान निर्माणाधीन है वहां से भाजपाइयों से पत्थर फेंकने की शुरूआत की और जब पत्थर गांधी भवन और नीचे पहुंचे तो कुछ युवा कांग्रेसियों ने वापस पत्थर फेंककर जवाब दे दिया होगा, हमने तो पूरे समय घटना नहीं घटे इसलिए प्रयास किए, इसी चक्कर में विपिन वानखेड़े,



दानिश खान, देवेन्द्रसिंह यादव सहित अन्य को पत्थर लगे। उधर भाजपा नेत्री सहित अन्य को भी पत्थर लगने की जानकारी दी गई। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पत्थरबाजी को लेकर कहा कि पत्थरबाजों का समर्थन करने वाली कांग्रेस पत्थरबाजी पर उतरी। बांग्लादेशी और रोहिंग्या जिहादियों की तर्ज पर कांग्रेस ने पथराव किया। इस मामले में पुलिस को जांच करना चाहिए। इधर कुछ कांग्रेसियों ने कहा कि हमारे ही दो विघ्न संतोषी कांग्रेसियों ने ही भाजपाइयों को कुछ नाम रिपोर्ट लिखाने के लिए दिए। इधर चिंटू चौकसे ने कहा कि पुलिस को भाजपाइयों को मच्छी बाजार क्षेत्र में ही रोक देना चाहिए था और इधर कांग्रेसियों को भी गांधी भवनतक सीमित कर देती पुलिस तो यह कलंकित घटनाक्रम नहीं होता। चौकसे ने कहा कि पुलिस को गांधी भवन के आसपास और आमने-सामने के सब वीडियो फुटेज देखना चाहिए और उसी के बाद कार्रवाई करना चाहिए थी। चौकसे ने कहा कि पत्थर फेंकने की शुरूआत खुलेरूप से भाजपा ने ही की, गांधी भवन में पत्थर नहीं थे, जो पत्थर भाजपाइयों ने फेंके वे जरूर कांग्रेसियों ने वापस लौटा दिए। कांग्रेसियों को कल एक घंटे से अधिक पंढीरनाथ थाना पर मशक्कत करना पड़ी। पुलिस ने पहले आवेदन ले लिया था, लेकिन प्रकरण पुलिस दर्ज नहीं कर रही थी, फिर भी पुलिस ने कांग्रेसियों द्वारा बताए नाम पर नामदर्ज रिपोर्ट नहीं की। पहले भी भाजपाइयों के खिलाफ अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज है और कल भी अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज हो गई। गांधी भवन से टमाटर और पानी की बोटल फेंकने की जानकारी भी भाजपाइयों ने दी, तो कांग्रेसियों ने कहा कि कल भी युवा भाजपाई काले ऑइल की पोटली लाए थे वे भी कांग्रस कार्यालय पर फेंकी गई। सभी का यही कहना था कि



भाजपाइयों को मच्छी बाजार तक ही सीमित कर देना चाहिए था, उससे भाजपाई आगे नहीं आते तो यह घटना नहीं होती। घटना के बाद भाराछासं और युवक कांग्रेस ने भी गांधी भवन के नीचे मैदान संभाला था और कुछ कांग्रेसी अपने साथियों को लगे पत्थर को लेकर अस्पताल लेकर गए। इधर कल वाटर केनन भी बाद में पूरी तरह फेल नजर आई। बताया जा रहा है कि कल वाटर केनन चलाने वाले मुश्ताक भाई छुट्टी पर थे और जिस व्यक्ति के पास वाटर केनन की जिम्मेदारी थी वह ठीक से चला नहीं पाए। इसलिए भाजपा और कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता की भीड़ नहीं छंटी। इधर भाजपा की ओर से दो विधायक थाना पर पहुंच गए थे उसी के बाद कांग्रेसियों पर प्रकरण भी दर्ज हुआ था।

घटना में पत्रकार, भाजपाई, कांग्रेसी भी घायल हुए। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इंदौर की घटना पर कहा कि सरेआम भाजपाइयों द्वारा पत्थर फेंककर कांग्रेसियों, पत्रकार के सिर फोड़े गए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेसी इन पत्थरों से डरने वाले नहीं है। वहीं चिंटू चौकसे ने कहा कि सत्ता के मदहोश में भाजपाई प्रशासन के संरक्षण में हमला कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन की अनुमति देकर गलत ही किया है। कोई भी कांग्रेसी भाजपाइयों के पास नहीं गया, बल्कि भाजपाई गांधी भवन आए थे। चौकसे ने कहा कि भाजपाइयों ने पत्थर फेंकने की घटना को अंजाम दिया। यह सब प्रदेश भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश भर में किया गया। घटना के दौरान एक पुलिस अधिकारी को भी धक्का लगा था, जिससे वे भी लड़खड़ा गए थे।



### हालात-ए-पुलिस...टूटा हेलमेट

कल हुए विवाद में पुलिस की तैयारियों पर एक ओर ऊंगली उठाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर पुलिस कर्मियों के सुरक्षा उपकरणों पर भी अब सवाल खडा हो रहा है। एक पुलिसकर्मी का हेलमेट टूटा हुआ नजर आ रह है। पुलिस का यह हेलमेट चर्चा का विषय बन गया। दरअसल इस पर कुछ लोगों क कहना है कि हेलमेट पहले से ऐसा था। वहीं कुछ का कहना था कि घटना के दौरान यह हेलमेट टूटा है।



### आम आदमी की कार भी फूटी

गांधी भवन क्षेत्र में हुए पथराव में गांधी भवन के समीप ही एक कार खड़ी थी उस कार के कांच भी फूट गए और आम आदमी भी शिकार हुए। पथराव के दौरान यातायात भी बाधित हुआ और राह चलते लोगों में भी हड़कम्प मची थी।

### गौड़ ने बताया निंदनीय कृत्य

कल हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद विधायक मालिनी गौड ने वीडियो जारी कर इसे शर्मनाक और निंदनीय कृत्य बताया। गौड़ ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं पर पत्थर फेंके। उन्होने महिला कार्यकर्ताओं को अश्लील इशारे करने का भी आरोप लगाया है।

### चर्चा में जिलाध्यक्ष की पोस्ट

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विपिन वानखेडे की एक पोस्ट चर्चा में बनी हुई है उन्होने कल हुए विवाद के कुछ मिनट पहले ही सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था जिसमें लिखा था गांधी भवन स्वागत के लिए तैयार है। वानखेडे ने अपनी पोस्ट में घूंसे वाली एक स्माइली भी लगाई थी। विवाद के बाद यह पोस्ट चर्चारत बन गई।

### मुख्यमंत्री शाम को लौटेंगे भोपाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर 12.25 बजे भोपाल से निकलकर इंदौर पहुंचेंगे। वे नानाजी देशमुख की प्रतिमा का अनावरण के अलावा दोपहर 1.35 बजे सुपर सिटी कॉलोनी, महू गांव में कई कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। दोपहर 3 बजे बास्केट बॉल कॉम्पलेक्स में स्थानीय कार्यक्रम में, शाम 4.30 बजे आईसीएआई भवन में स्थानीय कार्यक्रम में, शाम 5.30 बजे ब्रिलिएंट कंवेंशन सेंटर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और फिर भोपाल लौट जाएंगे।

## एसआईआर मामले में झूठी शिकायत करने वालों पर एफआईआर कब होगी -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता और एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने सवाल उठाया कि धारा-7 के फार्म भरकर एक नहीं सैकड़ों झूठी शिकायतें की गई थी और जांच के बाद शिकायतों को खारिज किया गया था। नियमानुसार उन झूठे शिकायतकर्ताओं पर एफआईआर कब होगी। जब मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था तब जांच पड़ताल कर ही सूची बनी थी। ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी को झूठी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करना चाहिए। इस तरह की झूठी शिकायतें अल्पसंख्यक समुदाय, दलित, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जनजाति जाति के नाम हटाने खातिर की गई थी। इस तरह की शिकायत इंदौर में बहुत बड़े पैमाने पर की गई थी। फलस्वरूप मतदाता सूची शुद्धिकरण का काम बढ़ता गया। मतदाता की झूठी शिकायत एक ही व्यक्ति द्वारा सैकड़ों नामों पर आपत्ति, बीएलओ द्वारा नियमों विपरीत आपत्ति लेना आदि सब जांच के दायरे में हो, जांच में शिकायतें झूठी मिली तो अब जिला निर्वाचन अधिकारियों ब्वारा पुलिस विभाग को ऐसी शिकायतें भेजे, पुलिस विभाग ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। एड्वोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जिला निर्वाचन अधिकारी अब कब रिपोर्ट लिखवायेंगे।

### कांग्रेस नेता गजेन्द्र वर्मा को मातृशोक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता और कमलनाथ समर्थक गजेन्द्र वर्मा प्रजापति की माताजी शकुंतला देवी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रजापतपुरा कैलाश मार्ग से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंची। बडी संख्या में प्रजापति समाजजन एवं कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



# दो कोचिंग के बेसमेंट निगम ने किए सील

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**इंदौर नगर निगम के द्वारा दो कोचिंग क्लासेज के बेसमेंट सील करने की कार्रवाई की गई है। इन कोचिंग क्लासेज के द्वारा बेसमेंट में अवैध रूप से क्लासेस लगाई जा रही थी। निगम के द्वारा पहले भी यह स्पष्ट किया जा चुका है कि बेसमेंट में किसी भी कोचिंग की क्लास नहीं लगना चाहिए।**

नगर निगम द्वारा जोन क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 74 अंतर्गत नियम विरुद्ध संचालित गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।







निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बेसमेंट का उपयोग वाहन पार्किंग के स्थान पर अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा था, जिस पर तत्काल प्रभाव से सीलिंग की कार्रवाई की गई। निगम के अधिकारियों ने बताया कि स्कॉलर्स अकेडमी कोचिंग इंस्टिट्यूट के बेसमेंट में वाहन पार्किंग हेतु स्वीकृत स्थान पर विद्यार्थियों के लिए टेबल-बेंच लगाकर अध्ययन कक्ष संचालित किया जा रहा था। यह व्यवस्था भवन अनुमति एवं अग्नि सुरक्षा मानकों के विपरीत पाई गई। विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निगम अमले द्वारा उक्त बेसमेंट को सील कर दिया गया।

इसी प्रकार विद्यापीठ कोचिंग के बेसमेंट में भी वाहन पार्किंग स्थल पर अवैध रूप से स्टोर रूम निर्मित कर उपयोग किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर निगम द्वारा उक्त बेसमेंट को भी नियमानुसार सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित भवन निरीक्षक एवं बिल कलेक्टर उपस्थित रहे। निगम ने कहा हैं कि शहर में किसी भी व्यावसायिक भवन के बेसमेंट का उपयोग केवल स्वीकृत उद्देश्य, अर्थात वाहन पार्किंग के लिए ही किया जाए। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संस्थान व भवन स्वामी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# राजनेता भी बनेंगे टेपा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

होली और रंगपंचमी पर कई आयोजन होते है इनमें होली के पूर्व शहर के मध्य मल्हारगंज में 1 मार्च की रात से देर रात तक टेपा सम्मेलन होगा। टेपाश्री की उपाधि से कई हस्तियां नवाजी जाएगी। इनमें कई राजनेता भी शामिल होंगे। संस्था एक पहल के बैनरतले इन हस्तियों को 'टेपाश्री' की उपाधि से टाट की शॉल, सब्जियों की माला, झाडू की टोपियाँ, गोभी पत्ता बूके से सम्मान होगा। सम्मेलन के बाद हास्य कवि सम्मेलन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक और कांग्रेस नेता सुनील गोधा, दीपू यादव ने बताया कि नेमीनाथ चौराहा मल्हारगंज मेनरोड पर यह आयोजन बडे मंच पर होगा। अतिथि नवीन गोधा, वीरेन्द्र गुप्ता, सुभाष खंडेलवाल, संदीप जैन मोरिया, सरदारमल जैन होंगे। मंच पर होली का चित्रण धनपाल मिंडा करेंगे। जीतू पटवारी, सज्जनसिंह वर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, चिंटू चौकसे, सुमित मिश्रा, सुदर्शन गुप्ता, विपिन वानखेडे, विनय बाकलीवाल को टेपाश्री की उपाधि दी जाएगी। इन राजनेताओं को टाट की शॉल, झाडू की टोपी एवं सब्जियों के हार सहित कई आकर्षक वस्तुओं से सजाया जायेगा। कवि सरिता सरोज, विभा सिंह, गोविन्द शर्मा, राजेश लोटपोट, ब्रजकिशोर पटेल, अकबर ताज आदि अपने हास्य व व्यंग्य की कविताओं से जनता को हँसायेंगे। सूत्रधार सत्येन वर्मा सत्येन होंगे। शंकर नैनवा, विजेन्द्रसिंह चौहान, सुरेश व्यास,दिनेश गोधा, विनोद गंगवाल, आलोक जैन ने इस टेपाश्री आयोजन का लुत्फ लेने की अपील की है।

# मंगलवार को खत्म होगा राज्य सेवा परीक्षा 2025 का असमंजस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2025 की मेंस कब होगी, इस पर से असमंजस 24 फरवरी को खत्म होने की उम्मीद है। इस दिन जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है। अगर इस दौरान पीएससी का पक्ष सुना गया तो निश्चित ही मेंस की अनुमति मिल सकती है। अगर सुनवाई में मौका नहीं मिला तो अभ्यर्थियों के हिस्से में फिर वेटिंग ही आएगी। कुल मिलाकर संभावना है कि मेंस एग्जाम करवाने की अनुमति मिल सकती है। अगर मिली तो यह मई में होगी। पहले यह 9 से 14 जून 2014 में होना थी। लेकिन कोर्ट के निर्देश पर निरस्त कर दी गई थी। लेकिन तब से अब तक कोर्ट में सुनवाई का अवसर नहीं आया। 158 पदों के लिए साढ़े 4 हजार अभ्यर्थी मेंस याने मुख्य परीक्षा देंगे।

**कोर्ट में दोपहर में सुनवाई, पीएससी का पक्ष माना तो, मेंस की अनुमति मिलेगी, अन्यथा फिर वेटिंग**

### 26 अप्रैल को 2026 की प्री- सिक्योरिटी सिस्टम लागू होगा

26 अप्रैल को ही राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 होने जा रही है। उससे एमपी पीएससी थ्री लेयर सिक्योरिटी सिस्टम लागू करने जा रहा है।

राज्य सेवा प्री परीक्षा में एक लाख 33 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। पीएससी का प्रयास है कि इसी परीक्षा से इसकी शुरुआत हो। पीएससी की परीक्षाओं में नकली परीक्षार्थी के मामले तो न के बराबर रहे हैं। लेकिन, नकल के मामले जरूर सामने आए हैं। फर्जी अभ्यर्थियों के एग्जाम देने व नकल की आशंका को पूरी तरह खत्म करने में यह सिस्टम अहम साबित होगा। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की चेकिंग में लगने वाला समय भी बचेगा। यह सिस्टम इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि पिछले एक-डेढ़ साल में एनटीए की नीट व जेईई से लेकर पीईबी की कई परीक्षाओं में फर्जी छात्रों के शामिल होने के मामले तेजी से बढ़े हैं। यही नहीं, ब्लू टूथ से नकल और बदलते तरीकों पर भी सवाल उठते रहे हैं।

# पूर्वी रिंग रोड पर ग्रीन बेल्ट की उजाड़ जमीन पर निगम ने बना दिया शानदार बगीचा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के पूर्वी रिंग रोड पर वार्ड क्रमांक 49 में स्थित शकुंतला हॉस्पिटल के सामने पिछले साल इंदौर नगर निगम ने सालों से उजड़ पड़ी ग्रीन बेल्ट की जमीन पर लाखों रुपए खर्च कर बगीचे निर्माण का कार्य शुरू किया था। वही खास बात यह है कि ग्रीन बेल्ट की जमीन पर आकर्षक डिजाइनर पेवर ब्लॉक से शानदार लंबा चौड़ा वाकिंग ट्रेक के साथ जोरदार हरियाली और खूबसूरती के साथ एक भव्य बगीचा बनकर तैयार हो चुका है। जहां आकर्षक पेड़ पौधों के साथ शानदार हरियाली चारो तरफ नजर आ रही है इसके अलावा आने जाने वाले लोगों के लिए बैठने के लिए बैंचो की व्यवस्था के साथ सुबह-शाम घूमने वालों के लिए एक्यूप्रेशर वाली टाइल्स वाला वॉकिंग ट्रेक का निर्माण भी किया गया है। साथ ही रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई है, जो यहां आस-पास की कॉलोनियों के हजारों रहवासी परिवारों को बेहद रास आ रही है।



**इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के सामने वाले बगीचे में भी नजर आएंगी रोशनी-** आने वाले दिनों में अब बेहद जल्द पिपलियाना चौराहे के पास स्थित इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के सामने तैयार किए जा रहे हैं एक और बगीचे में सौंदर्य करण एवं सजाने संवारने के कार्यों के साथ जल्द यहां रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद राजेश सुदामा द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उदावत का कहना है कि शकुंतला हॉस्पिटल के सामने वाले बगीचे की तरह इंटरनेशनल स्कूल के सामने वाले बगीचे को भी संवारने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे है। आने वाले दिनों में यहां भी सौंदर्य करण के साथ सजावट के कार्यों के साथ हरियाली और सुंदरता भी नजर आएगी।

# निरंजनपुर सब्जी मंडी के आसपास बड़े हिस्से में ड्रेनेज व स्ट्रॉम वॉटर लाइन डालने का काम

## बड़े बगीचे के सामने सालों पुरानी लाइन बदलने से क्षेत्र के लोगों को मिलेंगी बड़ी राहत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** निरंजनपुर सब्जी मंडी के आसपास के बड़े क्षेत्र में निगम द्वारा 400 मीटर से ज्यादा लंबे हिस्से में ड्रेनेज और स्टार्म वाटर लाइन डालने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के हजारों रहवासियों को सालों बाद क्षतिग्रस्त लाइन बदलने से बड़ी राहत मिलेगी। यही नहीं इसके बाद जल्द यहां सड़क निर्माण का काम भी किया जाना प्रस्तावित है।

### क्षेत्र के रहवासी परिवार और व्यापारी कर रहे थे लंबे समय से मांग

गौरतलब है कि क्षेत्र के रहवासी एवं औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारी लंबे समय से



निगम और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लाइन डालने की मांग कर रहे थे ताकि आसपास के क्षेत्र की बड़ी आबादी को इससे राहत मिले। वहीं अब जाकर पिछले दिनों निगम द्वारा यहां बड़े बगीचे के सामने खुदाई कर लाइन डालने का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया है। पहले चरण में लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके बाद जल्द सड़क निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। सब्जी मंडी क्षेत्र होने से आए दिन बड़ी गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है। सुधार को लेकर क्षेत्र के लोग निगम से मांग कर रहे थे, जिसके तहत अब तेजी से काम किया जा रहा है।

# सफाई की व्यवस्था चरमरा गई

## जब जहां जो कर रहा है निरीक्षण तो मिल रही है गड़बड़ियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**स्वच्छता में पूरे देश में सिरमौर इंदौर शहर में सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। जब भी जहां भी जो भी व्यक्ति निरीक्षण करने के लिए पहुंच रहा है तो उसे वहां पर न केवल गड़बड़ियां मिल रही है बल्कि नागरिकों की ओर से शिकायतों का ढेर भी मिल रहा है।**

वैसे तो हमेशा इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में देश के दूसरे शहरों और प्रदेशों को ज्ञान देता रहा है। अपने कार्यों के माध्यम से आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता के सर्वेक्षण के लिए जारी किए जाने वाले टूल किट में स्वच्छता के जो नए पैरामीटर शामिल किए जाते हैं उन पर इंदौर में पहले से ही काम शुरू हो चुका होता है। ऐसे में हमेशा इंदौर लीडर के रूप में उभर कर सामने आता है। यह सब बातें बीते हुए कल की है। आज की स्थिति को देखें तो दृश्य बिगड़ता हुआ नजर आ रहा है। दूसरे प्रदेश और शहर को बेहतर स्वच्छता का तरीका बताने वाला इंदौर अब खुद स्वच्छता के क्षेत्र में हालत बिगड़ने से स्थिति को संभालने की कोशिश करता हुआ नजर आ रहा है। हर दिन ही सुबह नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल दौरे पर निकलते हैं। वे किसी भी दिन किसी भी क्षेत्र में जाकर वहां की स्थिति का जायजा लेते हैं। इस दौरान उन्हें हर क्षेत्र में ही स्वच्छता में गड़बड़ियां मिल रही है। कहीं कचरे का ढेर लगा हुआ है तो कहीं कचरा उठाने की व्यवस्था में समस्या आ गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा वार्ड का दौर शुरू किया गया है। इस दौरान महापौर किसी भी एक वार्ड में जाकर वहां पर घूम कर वहां की स्थिति का जायजा लेते हैं और वहां के नागरिकों से चर्चा करते हैं। इस दौरान महापौर के सामने भी गंदगी की समस्या प्रमुखता के साथ उभर कर सामने आ रही है। वार्ड के दौरे के दौरान कई स्थानों पर कचरा फैला हुआ मिलता है तो बातचीत में क्षेत्र के नागरिक भी बराबर व्यवस्थित तरीके से सफाई न होने की शिकायत करते हुए नजर आते हैं।

इन स्थितियों से यह स्पष्ट हो रहा है कि इंदौर में स्वच्छता के क्षेत्र में अब उतनी लगन और मेहनत के साथ काम नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही होने वाले काम को चेक करने की नगर निगम की व्यवस्था में भी कहीं ना कहीं दरार आ गई है। यही कारण है कि हर तरफ से स्वच्छता की समस्या उभर कर सामने आ रही है। पहले तो स्वच्छता के क्षेत्र के प्रभारी अपर आयुक्त के द्वारा सुबह से दौरा करने के साथ-साथ काफी काम किया जाता था। लेकिन इस समय तो इंदौर शहर के लोगों को यह भी नहीं मालूम है कि इंदौर नगर निगम में स्वच्छता के कार्य को देखने वाले अपर आयुक्त का नाम क्या है। उक्त अधिकारी के द्वारा भी ना तो दौरा किया जाता है और न व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की दिशा में कोई पहल की जाती है।

### अगले महीने टीम के आने की संभावना

केंद्र सरकार के द्वारा पिछले वर्ष के स्वच्छता के सर्वेक्षण को करने के लिए टीम रवाना करने का काम शुरू किया जाना है। इसे देखते हुए यह समझा जा रहा है कि अगले महीने यानी कि मार्च में सर्वेक्षण करने वाली यह टीम इंदौर आ सकती हैं।इस टीम के आने की बेला तक हालात का इस तरह नासाज होना एक गंभीर संकेत देता है। अभी भी समय है जब नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी यदि संभल जाए तो इंदौर की साख बनी हुई रह जाएगी।

# अब स्वच्छता के साथ यातायात की व्यवस्था के प्रबंधन पर भी जोर

## विभिन्न चौराहा पर अटके हुए लेफ्ट टर्न के काम तेजी से करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



**इंदौर नगर निगम के द्वारा अब स्वच्छता के साथ यातायात के प्रबंधन के कामों को भी तेजी के साथ करने पर जोर दिया जा रहा है। विभिन्न चौराहा पर अटके हुए लेफ्ट टर्न के विकास के काम को अब गति दी जाएगी।**

यह फैसला नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा कल ली गई समीक्षा बैठक में लिया गया। इस बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अब तक किए गए कामों की समीक्षा की गई। जहां पर कामों में कमी आ रही है उन कमी को दूर करने की दिशा में पहल क्या और कैसे की जाना चाहिए इस बारे में विचार किया गया। इस बैठक में यह तय किया गया है कि हमें स्वच्छता के काम करने के साथ-साथ यातायात की व्यवस्था का प्रबंधन करने पर भी ध्यान देना होगा।

बैठक में यातायात प्रबंधन को भी स्वच्छ सर्वेक्षण से जोड़ते हुए समीक्षा की गई। सिंघल द्वारा प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर की छवि के लिए सुचारू यातायात व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। बैठक के अंत में आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभागीय स्तर पर दैनिक मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रत्येक बिंदु पर शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयासों, नवाचार एवं नागरिक सहभागिता के माध्यम से शहर को पुनः स्वच्छता में अग्रणी स्थान दिलाने हेतु सभी अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

# आयुक्त ने किया स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का निरीक्षण



## सफाई व्यवस्था निरीक्षण के बाद सहायक दरोगा निलंबित, दरोगा को नोटिस एवं सफाई कर्मचारी का काटा 3-3 दिन का वेतन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा इंदौर स्मार्ट सिटी विकास कार्यों के साथ ही शहर की विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त मनोज पाठक, स्वास्थ्य अधिकारी गंगराड़े, सहायक यंत्री सौरभ माहेश्वरी एवं अन्य उपस्थित थे। आयुक्त सिंघल द्वारा इंदौर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत एम ओ जी लाइन 1 एवं 2 के प्रोजेक्ट स्थल का अवलोकन किया, इस दौरान संबंधित अधिकारी से प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी लेते हुए, कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस के पश्चात आयुक्त सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 16 के वार्ड क्रमांक 15 में एयरपोर्ट रोड, वीआईपी रोड, 60 फीट रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित सहायक दरोगा रंजीत बिलवान को निलंबित करने तथा क्षेत्रीय दरोगा का एवं क्षेत्रीय सफाई कर्मचारी का 3-3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आयुक्त द्वारा महावीर बाग एवं बाणेश्वरी कुंड क्षेत्र तथा उद्यानों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 1 सीएसआई विवेक यादव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, अनुशात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 58 के अंतर्गत बड़वाली चौकी एवं सुभाष मार्ग क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, क्षेत्र में कचरा एवं गंदगी मिलने पर क्षेत्रीय दरोगा विकास उज्जैनी को शोकाज नोटिस जारी करने तथा सफाई कर्मचारी ज्योति बाई का 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

# पत्थर गोदाम में एक दुकान तोड़ी, बाकी छोड़ी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा तीन के पत्थर गोदाम स्नेहलतागंज में सील बट्टा का काम करने वाले की दुकान निगम द्वारा तोड़ दी गई। प्रहलाद कुमावत की दुकान तोड़ी उसके बाद कई व्यापारी भी इस दुकान पर पहुंचे और कहा कि इस तरह गरीब की दुकान नहीं तोड़ी जाना चाहिए, जबकि नगर निगम ने और किसी को दुकान को नहीं तोड़ा। प्रहलाद कुमावत की दुकान को तोड़ा और बाकी की दुकानों को छोड़ दिया।

# मियांबाकी पद्धति से सात बड़े उद्यान हो रहे विकसित

## प्रत्येक वार्ड में एक यूरेशिया गार्डन बनाने की शुरुआत, 7 गार्डन का अगले माह लोकार्पण।

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम के बजट में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर के प्रत्येक वार्ड में यूरेशिया गार्डन बनाने की घोषणा की थी जिस पर काम करते हुए इस वर्ष केवल 7 वार्ड में यूरेशिया गार्डन विकसित किए गए हैं जिनका लोकार्पण अगले माह मार्च में किया जाएगा इसकी तैयारी नगर निगम द्वारा की जा रही है। नगर निगम ने पहले यूरेशिया गार्डन प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर के पास बनाया था, जिसमें देशी और विदेशी दोनों तरह के पौधे लगाकर गार्डन को हरा भरा और सुंदर बनाया था इस गार्डन की विशेष सुरक्षा के लिए नगर निगम की ओर से गार्ड तैनात कर इसका प्रबंधन किया जा रहा है।**

नगर निगम उद्यान विभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि यूरेशिया गार्डन प्रत्येक वार्ड में बनाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। एक साल में 7 उद्यान निगम द्वारा विकसित किया जा चुके हैं और इसकी सौगात लोगों को जल्द मिलेगी। राठौर ने बताया कि यूरेशिया गार्डन को विकसित करने का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में एक आइडियल गार्डन का निर्माण करना है, जहां पर सभी तरह की सुविधा आने वालों के लिए मौजूद रहेगी आधुनिक लाइटिंग सिस्टम, बैठक व्यवस्था, फाउंटेन, वाकिंग ट्रक, योगा सेंटर, जिम जैसी सुविधा रहेगी। इसके साथ ही शहर में मियां बाकी पद्धति से भी गार्डन विकसित किया जा रहे हैं, राठौर ने बताया कि कई पुराने गार्डन जिनमें पौधे खत्म हो गए थे वहां पर मियां बाकी पद्धति से पौधे लगाए गए हैं जिसका सबसे अच्छा उदाहरण नेहरू पार्क है यहां पर बीते बारिश के मौसम में जो पौधे लगाए गए थे वह सब जिंदा है और तेजी से विकसित हो रहे हैं। नेहरू पार्क में एक घना जंगल शहर के बीच तैयार हो रहा है यहां लगाए गए पेड़ की हाइट 8 से अधिक है इसके अलावा बिचोली मर्दाना सिटी फॉरेस्ट, पित्र पर्वत, कैसरबाग रोड पर क्लॉथ मार्केट के पास, एवं रेवती रेंज पर विशाल फॉरेस्ट विकसित हो चुके हैं।

साथ ही शहर के सभी डिवाइडर पर पौधे और मिट्टी डालने का काम जारी है। वर्तमान में एमआर4 लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन से सांवेर रोड पोलो ग्राउंड इंडस्ट्रियल एरिया में हरियाली विकसित करने का काम किया जा रहा है। मेट्रो कॉरिडोर के नीचे बने डिवाइडर पर पौधे लगाए जा चुके हैं और यह धीरे-धीरे विकसित हो रहे हैं जहां स्टेशन का काम चल रहा है वहां डिवाइडर फिलहाल खाली जैसे ही स्टेशन का निर्माण पूरा होगा पौधे लगा दिए जाएंगे। वहीं उस गार्डन को लेकर शहर वासियों का कहना है कि प्रति के गार्डन को सामान्य सुविधाओं के साथ विकसित करना चाहिए ताकि समान विकास हो सके। किसी एक गार्डन में अधिक पैसा लगाने और अधिक सुविधाएं देने से अन्य गार्डन कमतर दिखाई देते हैं इसीलिए नगर निगम को एक यूनिफाइड गार्डन डिजाइन तैयार करके शहर के प्रत्येक गार्डन को उसी तर्ज और सामान्य सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए जैसा कि दिल्ली और मुंबई नगर निगम द्वारा किया जाता है।

# मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों के साथ परिचर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मुस्लिम समाज से जुड़े चिकित्सक, इंजीनियर, प्रोफेसर, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया। समाज से जुड़े कई विषय पर सकारात्मक संकल्प के साथ चर्चा की गई। अतिथि संघ के भैय्याजी जोशी थे। साथ ही संघ के विनित नवाथे, डॉ. प्रकाश शास्त्री, विनय पिंगले भी मौजूद रहे। सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर संवाद-परिचर्चा के दौरान शिक्षा, सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण में मुस्लिम समाज की भूमिका, युवा सशक्तिकरण और सकारात्मक सहभागिता जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। उपस्थित समाजजनों ने आपसी सहयोग, भाईचारे और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रतिज्ञा भी ली। फारुक खान, सलीम खान, फारूक मंसूरी, शेख शहजाद, अज्जू पठान, डॉ. शकील अहमद, डॉ. रूमान, इंजीनियर फहद, फाइज, एजाज़ शेख, अंसार अहमद, ज़रीन खान, शबाना खान, आशिक पटेल, प्रो. अल्ताफ मंसूरी, शाकिर मंसूरी, शाहनवाज़, अनवर खान, फरहान खान, हस्सू पठान, वाजिद मंसूरी, जावेद खान, जाकिर सहित अन्य मौजूद थे।



## रोजा इफ्तार का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पवित्र रमजान माह चल रहा है, इसमें सुबह की फजर की नमाज के बाद से रोजा शुरू हो जाता है और शाम को निर्धारित समय पर रोजा इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है। बड़वाली चौकी पर व्यापारी, कर्मचारी और रहवासियों के लिए रोजा इफ्तार का कार्यक्रम किया गया। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन रमजान माह के 30 दिन इफ्तार का किया जाता है। आयोजन से मेहबूब मंसूरी, इमरान अली, इरशाद मंसूरी, अस्सू अली जुड़े हुए हैं।



## गौरांग महाप्रभु हरिनाम संकीर्तन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

बंगाली समाज स्वर्णकार समिति पटेल नगर, एयर पोर्ट के सामने मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय श्री गौरांग महाप्रभु हरिनाम संकीर्तन का आयोजन कल से शुरू किया। तीन दिन वैपी अष्ठम प्रहर आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष निमाई चाँद बेरा और सचिव विद्युत सांतरा ने बताया कि 14वां वर्ष वार्षिक उत्सव के तहत आयोजन किए जा रहे हैं। समापन पर कल 23 फरवरी को छप्पन भोग, महाप्रसादी का आयोजन भी होगा।

## जयगुरुदेव मंदिर का शिलान्यास, पूजन एवं सत्संग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

### बाबा उमाकांत महाराज रहे मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संत बाबा उमाकांत महाराज द्वारा नावदापंथ स्थित जयगुरुदेव आश्रम में मप्र के पहले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के मंदिर का शिलान्यास एवं पूजन किया गया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देशभर से सैकडों की संख्या में भक्तों का आगमन हुआ। उमाकांत महाराज द्वारा शिलान्यास के पश्चात सत्संग वचन सुनाए गए। शाकाहार,नशा मुक्त रहने का संदेश दिया साथ ही साथ जीते जी ईश्वर के दर्शन



कराने वाले नामदान का दान दिया। आने वाले सभी भक्तों के भोजन,आवास,चिकित्सा जैसी समस्त व्यवस्थाएं इंदौर संगत के सेवादारों द्वारा की गई थी। सत्संग के पश्चात महाराज जी ने सभी भक्तों को दर्शन दिए। कई राजनेता भी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे।

## एम.पी.ट्रांसको में ई-ऑफिस का संचालन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको की इंदौर इकाई में भी ट्रांसको कार्यालय ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन शुरू किया गया। पूरे प्रदेश में चरणबद्ध रूप से शासन द्वारा लागू किया गया है। प्रदेश से लेकर शहर-जिला तक के सभी फील्ड एवं वृत कार्यालयों में विभागीय पत्राचार, नोटशीट तथा अन्य कार्यालयीन कार्य अब ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। इस ई-कार्यप्रणाली के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को भी लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है।



## वेंकटेश मंदिर में मना फाग उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गुमाश्ता नगर स्थित तिरुपति बालाजी वेंकटेश देव स्थान पर फाग उत्सव मनाया गया। भजन गायक हरिकिशन साबू ने फाग गीतों की प्रस्तुति दी। देर रात तक भजनों पर श्रद्धालु धार्मिक रूप से नृत्य करते नजर आए। फूलों के अलावा गुलाल भी इस दौरान उड़ाया गया।



## रेड थीम पर किटी पार्टी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हेल्दी वुमन क्लब ने रेड थीम पर किटी पार्टी का आयोजन किया। मातृशक्तियां लाल परिधान में इस मनोरंजन पार्टी में शामिल हुई। प्रतियोगी गेम कराए गए, विजेता मातृशक्तियां पुरस्कृत भी हुई, जिनमें श्रुति अग्रवाल, अंजु जैन प्रमुख थी। स्मिता पाटीदार, हेमा जैन, अंजू जैन, प्रबिता जैन, भावना अग्रवाल, वीना अग्रवाल की भूमिका प्रमुख रही।

## शोभायात्रा में आज शाम लगेंगे गाडगे बाबा के जयकारे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रजक समाज के आराध्य संत शिरोमणि गाडगे बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज शाम 4 बजे संत गाडगे बाबा की शोभायात्रा मोती तबेला से प्रारंभ होकर कलेक्टर चौराहा से मोती तबेला हरसिद्धि मच्छी बाजार चौराहा से पंढरीनाथ मंदिर होते हुए पुनः मोती तबेला पर समापन होगा। बडी संख्या में रजक समाजजन की मौजूदगी रहेगी। यात्रा के दौरान बाबा के जयकारे भी लगेंगे।

## महिला स्वास्थ्य के लिए नारीथॉन आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। 1200 महिलाओं की मौजूदगी में महिलाओं के स्वास्थ्य और वेयरनेस को लेकर नारीथॉन का आयोजन अस्पताल द्वारा किया गया। 2 किलोमीटर की वॉकथॉन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने राजीव गांधी सर्कल से दौड़ लगाई। विजयारत्ना वेंकटरमण, राजेश दंडोतिया, डॉ. संध्या एस चौकसे, डॉ. प्रीति माहेश्वरी सहित अन्य ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन शुरू की थी।





## मातृभाषा दिवस पर आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति एवं भारतीय भाषा संवर्धन समिति द्वारा भारतीय भाषा पर्व आज फुटबाल ग्राउंड नूतन स्कूल चिमनबाग मैदान पर सुबह से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में 18 भाषाई समाज के लोग भी शामिल हुए हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दोपहर बाद तक चलेगी। व्यंजन और साहित्य के स्टॉल भी लगाए गए हैं। भारतीय भाषा पर्व का यह आयोजन भाषाई विविधता के उत्सव और स्वभाषा के प्रति गौरव जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में रविंद्र देशपांडे, अभयसिंह राठौड़, अश्विन खरे, प्रवीण गुप्ता मौजूद है। अतिथि पी नरहरि, सरबजीतसिंह देऊसी भी सम्मिलित हो रहे हैं।



## प्रेस काम्पलेक्स से निकली पानी बचाने को लेकर मिनी मैराथन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज सुबह प्रेस काम्पलेक्स फ्री-प्रेस परिसर से मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जल संरक्षण को लेकर सैकड़ों धावक आज दौड़े इसके पहले सभी को पानी बचाने को लेकर संकल्प दिलाए गए और उसके बाद यह दौड़ शुरू हुई तो शिवाजी वाटिका से धावक वापस प्रेस काम्पलेक्स एबी रोड आए।

# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों की होगी कल आंखों की जांच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लीनेस तेजस्विनी क्लब, बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ मालवा प्रांत एवं शैल्बी हॉस्पिटल्स, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल गुमाश्ता नगर में कल 23 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्यार्थियों की आंखों एवं दांतों की जांच की जाएगी। डॉ. कुणाल गुप्ता सेवाएं देंगे। उक्त जानकारी इति जैन ने दी।

# 540 अग्रवाल बंधुओं की स्वास्थ्य जांच

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अन्नपूर्णा मंदिर पर आयोजित शिविर में 20 डॉक्टर्स की टीम ने मधुमेह एवं मोटापे से राहत के लिए 540 अग्रवाल बंधुओं की जांच की गई। वही पांच हजार परिवारों को जांच के दायरे में लाने का संकल्प लिया गया। आयोजन से बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन जुडे हुए है। नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे। किशोर गोयल, शीतल तोडीवाला, गणेश गोयल, पवन सिंघानिया, जगदीश गोयल बाबाश्री मौजूद थे।



## खाटू श्याम भक्तों का फाग महोत्सव आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री श्याम मंडल द्वारा एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर आज शाम 6.15 बजे श्री श्याम फाग महोत्सव का आयोजन में कोलकाता के भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम भजनों की प्रस्तुति देंगे। श्याम बाबा का दरबार सजाकर पावन ज्योत, 56 भोग, इत्र वर्षा, फूलों के श्रृंगार के साथ ही ढप चंग का धमाल भी होगा। दिनेश शर्मा बालाजी, मनोज चितलांगिया, गौरीशंकर शर्मा, आशीष शर्मा, कृष्ण कन्हैया इंदौरिया, विक्की शर्मा, रवि भौमिया आयोजन से जुडे है। दिनेश मित्तल, किशोर गोयल, अरविन्द बागडी के अलावा भाजपा जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।



## फोल्डर का विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के सामाजिक कार्य का फोल्डर का विमोचन रेसीडेंसी कोठी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार के अंतरसिंह आर्य ने किया। बडी संख्या में संस्था के पदाधिकारी, सदस्य और ट्रस्टी मौजूद रहे।

## जर्नी ऑफ सिंधी कार्यक्रम का आज शाम आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधु महोत्सव के अंतर्गत सिन्धु, सिन्धी और सिन्धियत पर आधारित 'जर्नी ऑफ सिंधी' कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार की शाम 5.30 बजे से लाभ मंडपम में होगा। नरेश फुंदवानी ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। पंकज फतेहचंदानी, सरिता मंगवानी ने बताया कि आयोजन में कलाकार मोहित शेवाणी द्वारा सिन्धी समुदाय का शौर्य, पराक्रम, वीरता, सांस्कृतिक विरासत, भाषा और गौरवशाली इतिहास के साथ साथ स्वतंत्रता संग्राम में सिंधी समाज का योगदान, विभाजन के समय उनके संघर्ष और पुनर्वास की मार्मिक कहानी को 23 लोगों के बैंड के साथ लाइव म्यूजिक तथा एआई द्वारा तैयार किए गए ग्राफिक्स का इस्तेमाल कर कहानी के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

# 'सबके राम' आयोजन में बनेगी प्रेम मंदिर की प्रतिकृति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दशहरा मैदान पर इस वर्ष भी 19 से 27 मार्च तक श्रीराम जन्मोत्सव एवं मेले का आयोजन किया जाएगा। इस बार वृन्दावन के विश्व प्रसिद्ध प्रेम मंदिर की प्रतिकृति बनाई जाएगी। श्रीराम जानकी सर्व विजय महायज्ञ भी होगा,श्रद्धालु आहुतियां समर्पित करेंगे।कार्यक्रम स्थल को 'अवधलोक' नाम दिया गया है। महेन्द्रसिंह चौहान, प्रवीणा अग्निहोत्री घर-घर प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाए इसके लिए जागरूकता लाएंगे। आज सुबह भूमिपूजन किया जा रहा है। आज से ही वार्ड स्तर पर पीले चावल से निमंत्रण देने का काम भी शुरू किया जा रहा है। नगर निगम मार्केट महूनाका पर रोजाना सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कार्यालय संचालित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सभी जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।



## बच्चों ने लगाई भाषा और गणित की प्रदर्शनी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला शिक्षा विभाग एवं सीखें संस्था के तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक 25 तेजाजी चौक पालदा में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 243 बच्चों और 17 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बच्चों ने भाषा और गणित विषयों में वर्ष भर सीखी गईं कौशल कहानी, लेखन अंदाजा लगाना, एफटीएनएल पद्धति, प्रश्न पद्धति, अपरिचित शब्दों के अर्थ निकालना, संख्या ज्ञान, नंबर, बॉन्ड पर जोड़-घटाव और भिन्नों की समझ को आकर्षक मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया। बीआरसी हरिओम वैष्णव, दिनेश साल्वी, फिरोज खान, विकास प्रजापति मौजूद रहे।

## पीआईएमआर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के देवास कैंपस में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'उत्सव 2026' का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष के महोत्सव की थीम कलर्स ऑफ इंडिया रखी गई है, जो भारत की समृद्ध विविधता, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करती है। महोत्सव के पूर्व 20 फरवरी को संस्थान के एट्रियम में डैंगलर लॉन्चिंग समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के समन्वयकों ने विस्तृत प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रमों की रूपरेखा, नियम एवं भागीदारी संबंधी दिशा-निर्देश साझा किए।



## 'ब्लॉसम्स एंड प्लेसमेंट्स' का आगाज़

### प्रतिभा और सामाजिक संवेदनशीलता का संगम



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नस मैनेजमेंट एंड रिसर्च आईपीएस अकेडमी. द्वारा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'ब्लॉसम्स एंड प्लेसमेंट्स' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एकांकी नाटक , गायन, ओपन माइक, दलाल स्ट्रीट जैसी एक्टिविटी ने स्टूडेंट्स में ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री निधि जैन ने किया।

## महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर आज शाम शोभायात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आर्य समाज संचार नगर द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर आज रविवार को शाम 4 से 7 बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। आर्य समाज मंदिर पर गायत्री महायज्ञ भी किया जाएगा। गुरु विरजानंद वैदिक गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा आज देर शाम व्यायाम प्रदर्शन भी किया जाएगा। अशोक शास्त्री, प्रवीण कक्कड, मनोज सोनी, भानुप्रताप वेदालंकार, अशोक राठौर, ब्रजेश देवडा सहित अन्य आयोजन से जुडे है।



## जैन समाजजन रहे कलश शोभायात्रा में मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छावनी स्थित श्री अनंतनाथ जिनालय के 113 वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय स्थापना महोत्सव में कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजजन इन्द्र - इंद्राणी बनकर सम्मिलित हुए, जिनालय पर ध्वजारोहण किया गया। एम.के. जैन, मनीष जैन, भरत जैन शास्त्री, राजेंद्र मंजुला गोधा, निधि डिवेश डोसी, अनीश सोनी, प्रकाश बड़जात्या, देवेंद्र सेठी, जितेंद्र बाकलीवाल सुनील चांदवाण, सुशील पाटनी, देव डोसी, अशोक सोनी मौजूद थे।

# तुलसी नगर के 100 से ज्यादा परिवारों को अगले माह होली बाद मिलेगी नई सड़क की सौगात

## बरसों पुरानी ड्रेनेज लाइन बदलकर अब होगा सड़क बनाने का काम

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक चोपन में स्थित तुलसी नगर में रहने वाले 100 से ज्यादा परिवारों को अगले माह होली के बाद बेहद जल्द नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके लिए वर्तमान में यहां कॉलोनी की गली में खुदाई कर निगम द्वारा सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने बताया रहवासियों की सालों पुरानी मांग पर लंबे समय बाद इस कालोनी की मुख्य गली में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य का शुभारम्भ पिछले दिनों किया गया था।

जिसके तहत पहले चरण में यहां के रहवासियों की मांग पर सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही जहां लाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है वहां सड़क निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है ताकि आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां के रहवासियों को नई लाइन के साथ नई सड़क की सौगात भी मिलें। जिसको लेकर वर्तमान में बड़े हिस्से में सड़क निर्माण के लिए बेस तैयार करने का काम तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है ताकि लोगों को जल्द राहत मिले।

### रहवासी बोले लाइन लीकेज से हो रही थी परेशानी, पुरानी सड़क का लेवल भी था गड़बड़

वहीं बड़ी बात यह है कि क्षेत्र के रहवासी हरीश सिलावट, अमित शर्मा, दीपक रायकवार का कहना है कि लंबे समय से ड्रेनेज लाइन लीकेज और सालों पुरानी सड़क का लेवल भी ऊंचा - नीचा होने से लंबे समय से कालोनी वालों को भारी परेशानी हो रही थी। खासकर बारिश के दिनों में तो कई जगह से खुदी सड़क और लेवल गड़बड़ के कारण क्षेत्र के कई लोगों के घरों में पानी घुसने की समस्या हर साल बन रही थी। जिसको लेकर क्षेत्रिय विधायक महेन्द्र हार्डिया और वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल से लगातार मांग कर रहे थे। पार्षद बसवाल की मेहनत रंग लाई और लंबे प्रयासों के बाद आखिर अब जाकर शुभ घड़ी आई और सालों बाद सड़क निर्माण का काम शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि जल्द अगले माह होली बाद नई सड़क की सौगात क्षेत्र के रहवासियों को मिल जाएगी। जिसको लेकर इन दिनों सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है, जिससे रहवासियों में भी खुशी है।



### चौधरी पार्क पुलिया से प्रभु तौल कांटे तक

# सवा करोड़ से ज्यादा लागत की सीमेंटेड सड़क बनने लगी

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 में औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े अभिषेक नगर और चौधरी पार्क पुलिया तक के बड़े हिस्से को सीधे जोड़ने वाली सवा करोड़ से ज्यादा लागत वाली मुख्य सड़क का काम अब शुरू हो गया है। इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के हजारों रहवासियों को आने वाले टाइम में नेमावर बाईपास से जुड़ने के लिए लिंक रोड की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर पिछले दिनों भूमि पूजन के बाद अब निगम ने यहां काम भी शुरू कर दिया है। क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया ने बताया कि पहले चरण में प्रभु तौल कांटे से लेकर चौधरी पार्क पुलिया तक बनने वाली करीब एक करोड़ से ज्यादा की लागत वाली मुख्य सड़क का काम बड़े हिस्से में खुदाई कर शुरू करवा दिया है। इसके बाद अभिषेक नगर और आसपास की आधा दर्जन गलियों की सड़क निर्माण की बारी आएगी। जिसका काम भी आने वाले दिनों में जल्द शुरू होगा।

दरसअल बड़ी बात यह है कि पहले चरण में पिछले साल निगम ने यहां करीब 600 मीटर लंबे हिस्से में ड्रेनेज और स्ट्रॉम वाटर लाइन डालने का काम किया था। वहीं अब लंबे समय बाद क्षेत्र की चौधरी पार्क कालोनी, अभिषेक नगर सहित अन्य कालोनियों को नेमावर रोड़ और बायपास से जोड़ने के लिए लिंक रोड़ के रूप में बड़ी सौगात मिलने जा रही है। पार्षद कटारिया ने बताया इस क्षेत्र में ज्यादातर मध्यमवर्गीय मजदूर वर्ग के परिवार निवास करते है। जो उद्योग नगर क्षेत्र की फैक्ट्रियों में काम करते है। लंबे समय से सड़क की सुविधा नहीं होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। जिसको लेकर हम लगातार निगम से यहां की फाइल मंजूर करने के लिए प्रयास कर रहे थे, जो अब जाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों की मांग पूरी होने जा रही है। अगले दो तीन माह में जल्द नई सड़क की सौगात क्षेत्र के रहवासियों को मिलने वाली है।

**रहवासियों को मिलेगी लिंक रोड की सौगात**



# बड़े बालाजी के सामने अब नहीं लगेगा पुलिया पर जाम

**इंदौर।** सिद्धेश्वर वीर बड़े बालाजी मंदिर के सामने वाली पुलिया पर अब मंगलवार और शनिवार को जाम नहीं लगेगा। क्योंकि मंदिर के बाहर लगने वाली अस्थाई पूजन सामग्री की दुकानें आने वाले दिनों में सामने दरगाह के पास बन रही पक्की दुकानों में शिफ्ट करने की तैयारी है। जिसको लेकर वर्तमान में नवलखा क्षेत्र में बंगाली क्लब के पास स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर बड़े बालाजी मंदिर के सामने दरगाह और नई पुलिया के बीच की गैप में जो सालों से खाली जगह पड़ी थी, वहां अब पक्की दुकानें बनाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है।

### नई पुलिया के पास आधा दर्जन नई दुकानों का हो रहा है निर्माण

खास बात यह है कि प्रशासन द्वारा मंदिर के सामने सालों से खाली पड़ी जगह पर आधा दर्जन नई दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा है। जहां कहा जा रहा है कि इन पक्की बन रही दुकानों में वर्तमान में पुलिया के आसपास लगने वाली अस्थाई दुकानों यहां शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि हर मंगलवार और शनिवार को मंदिर में ज्यादा भीड़ भाड़ रहती है ऐसे में दुकानों और पार्किंग के कारण पुलिया पर अक्सर भीड़-भाड़ हो जाती है। वहीं अब आने वाले दिनों में मंदिर के सामने दरगाह और पुलिया के बीच की जगह में नई पक्की दुकान बनकर तैयार हो जाएगी तो यहां से पूजन सामग्री और प्रसादी की दुकानें लगाने की तैयारी है। इससे त्यौहार के समय पुरानी पुलिया पर जाम जैसी स्थिति नहीं बनेंगी।साथ ही दुकानदारों को भी बारिश में परेशानी नहीं होगी।

# निगम के पैसों के संकट ने लटकाया ठेकेदारों का भुगतान

**जिम्मेदारों की अनदेखी से लंबे समय से अधूरा पड़ा 99 लाख की रिटर्ननिंग वॉल का काम**

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में पैसों के संकट ने लंबे समय से ठेकेदारों के बिलों का भुगतान अटका रखा है। वहीं इधर ठेकेदार ने विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 52 में नाले पर बन रही आधा किमी से ज्यादा लंबी सुरक्षा दीवार का काम बीच में आधा-अधूरा छोड़ अटका दिया है। हालत यह है कि मूसाखेड़ी के खाती मोहल्ला में स्थित बरसों पुराने नाले के पास पुरानी दीवार टूटने के बाद लंबे समय के बाद बन रही रिटर्निंग वॉल का काम इतने समय बाद भी पूरा नहीं हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों में जमकर नाराजगी है। क्षेत्र के लोगों का साफ कहना है कि नाले के पास लंबे समय से पुरानी दीवार गिरने के बाद अभी तक दोबारा नई सुरक्षा दीवार नहीं बनी है। जिससे यहां रहने वाले परिवारों को सुरक्षा दीवार नहीं होने से हमेशा खतरा और डर बना रहता है। खासकर बारिश के समय ज्यादा परेशानी होती है।



वहीं सबसे ज्यादा दिक्कत बारिश के दौरान होती है जब आसपास का पानी इकट्ठा होने पर तेज बारिश के दौरान नाला ऊपर तक बहने लगता है। ऐसे में सुरक्षा दीवार नहीं होने से बारिश का पानी लोगों के घरों में ही घुसता है। यही नहीं बदबू और गंदगी से भी दो चार होना पड़ता है। यही नहीं तेज बारिश के दौरान पानी गांव की मुख्य पुलिया के ऊपर तक भी बहने लगता है। जिससे बारिश के दौरान यहां से आने - जाने वाले भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते है। उसके बावजूद निगम के जिम्मेदार क्षेत्रीय पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी और रहवासियों की मांग के बावजूद यहां आधी - अधूरी रिटनिंग वॉल का काम पूरा नहीं करवा पा रहे। सावित्री सुदामा चौधरी ने बताया कई बार निगम को पत्र लिखकर और महापौर और निगम अधिकारियों को बताया कि वार्ड 52 के खाती मोहल्ला में स्थित नाले के पास पिछले कई महीनों से अधूरी रिटनिंग वॉल का निर्माण कार्य निगम के पैसों के संकट के कारण लटका पड़ा है। ठेकेदारों का साफ कहना है कि पेमेंट नहीं होने के कारण यहां का काम अधूरा छोड़ा है निगम से पैसा मिलेगा तभी काम किया जाएगा। यही नहीं इसके कारण यहां के कई विकास कार्य ठप पड़े है। पार्षद का कहना है कि मेव साहब के घर से आधी सुरक्षा दीवार बनकर तैयार है, जबकि आधी पैसों के संकट के नाम पर लंबे समय से अटकी पड़ी है। जिसके कारण यहां आने वाले दिनों में नाले के पास रहने वालों को भारी दिक्कतें होंगी। बारिश से पहले काम नहीं हुआ तो बारिश का पानी घरों में घूसेगा साथ ही सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होंगे।

## संपादकीय

# AI बदलेगा विकास का भविष्य, दिल्ली समिट से उभरीं संभावनाएं और चुनौतियां

स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की जा रही है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी। पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, एआइ आधारित तकनीक का बेजा इस्तेमाल करके भयादोहन, डीपफेक से जुड़ी जटिलताएं, डेटा केंद्रों से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव, ज्यादा से ज्यादा डेटा हासिल करके उसका मनमाना उपयोग और उसे नियंत्रण का एक औजार बनाने जैसे सवाल भी सामने खड़े होंगे। इन समस्याओं का हल निकालने पर ही इस तकनीक की साख निर्भर करेगी। यों दिल्ली के सम्मेलन में एक सकारात्मक उम्मीद यह जताई गई कि एआइ अरबों लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकता है और एक बेहतर दुनिया बना सकता है। मगर यह इस पर निर्भर करेगा कि एआइ की नई दुनिया में वंचित तबकों एवं गरीब आबादी की कितनी पहुंच संभव हो सकेगी और इसका चेहरा कितना मानवीय तथा समावेशी बनाया जा सकेगा। इंडियन एक्सप्रेस के कार्यक्रम एक्सप्रेस अड्डा में आज सैम ऑल्टमैन ने शिरकत की। ध्जर्ह्‌द के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने शुक्रवार को नई दिल्ली में इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत गोयनका के साथ बातचीत की। इस दौरान ऑल्टमैन ने कहा कि नौकरियों पर एआई के प्रभाव का अनुमान लगाना कठिन है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव उतना तेज़ नहीं होगा जितना समाज में कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं, आखिरकार लोग करने के लिए नए काम ढूंढ लेंगे। आइए जानते हिन स बातचीत की बड़ी बातें।

## युवक पर 'छू' कहकर छोड़ दिया पालतू श्वान, शरीर पर कई जगह काटा

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर पालतू श्वान से जानबूझकर हमला करवाने का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। आरोपियों ने कथित तौर पर श्वान को उकसाकर युवक की ओर छोड़ दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

मालवीय नगर निवासी शुभम पांडे ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात वह अपनी ड्यूटी खत्म कर विश्रांति चौराहे पर खड़ी अपनी बाइक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शासकीय आवास के पास खड़े धन्नालाल मेडा और सुनील मेडा ने अपने पालतू श्वान को शुभम की ओर इशारा करते हुए 'छू' कहा और उसे उकसाया।श्वान ने युवक पर हमला कर उसे दोनों हाथों और पीठ पर बुरी तरह काट लिया। हमले के बाद युवक लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने पहले अस्पताल जाकर प्राथमिक उपचार कराया और फिर देर रात थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुभम की रिपोर्ट पर धन्नालाल और सुनील के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## कार के सामने आने पर सिर फोड़ा

**इंदौर।** राजेंद्र नगर इलाके में एक शराब दुकान के पास बाइक सवार युवक के कार के सामने आ जाने पर गुस्साए कार चालक ने उस पर लोहे के हत्थे से वार कर सिर फोड़ दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गया। पुलिस के मुताबिक घटना गत रात कुन्दन नगर के सामने शराब दुकान के पास हुई। घायल का नाम कमल पिता शंकर मोरे निवासी विदुर नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी राहुल वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं देशी शराब दुकान पर शराब पीने गया था। वहां से निकला तो एकदम से बाइक एक कार के सामने आ गई। आरोपी कार चालक नीचे उतरा और बोला कि तुझे दिखाई नही देता? ये कहकर लोहे का शटर उठाने वाले हत्थे से हमला कर दिया। इससे मेरे सिर पर में चोट लगकर खून निकलने लगा।

# धार में भीषण सड़क हादसा

## ट्रक ड्राइवर ने कंटेनर को मारी टक्कर तीन घंटे तक फंसा रहा चालक

**धार.एजेंसी।** धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में राऊ-खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर देर रात लगभग 3 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे कंटेनर में पीछे टैंकर जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक इंदौर से मुंबई की ओर जा रहा था। इसी दौरान गणपति घाट पर आगे चल रहे कंटेनर से जा टकराया। हादसे के बाद चालक भानु पिता रामप्रसाद ट्रॉले की केबिन में बुरी तरह फंस गया। वह करीब साढ़े तीन घंटे तक वहीं फंसा रहा। सुबह करीब 7.30 बजे चालक को बाहर निकाला गया। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारी, 112 पुलिस, टोल एंबुलेंस, कटर मशीन और क्रेन भी मौके पर पहुंच चुकी थी। काफी प्रयासों के बावजूद चालक को बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल रही थी। आखिरकार सीट तोड़कर सन्नी जाट ने साहस दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चालक को तत्काल धामनोद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. रश्मि सोलंकी द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।



### चालक के पैर में गंभीर चोट

बताया जा रहा है कि चालक के पैर में गंभीर चोट है। एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी और आवश्यकता पड़ने पर रेफर भी किया जा सकता है। फिलहाल चालक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# कान फोड़ू डीजे पर पुलिस का प्रहार, वाहन जब्त, संचालकों पर केस




**इंदौर।** शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले और तय सीमा से अधिक शोर करने वाले डीजे संचालकों के विरुद्ध पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। खजराना और पलासिया पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो डीजे वाहन जब्त किए हैं। खजराना में की गई कार्रवाई में डीजे की आवाज मानक सीमा से कहीं अधिक पाई गई।

खजराना पुलिस के मुताबिक, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत गत रात वेलोसिटी टॉकीज के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। यहाँ आरोपी करण गौड़ निवासी नट कॉलोनी द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। जब पुलिस ने 'डेसीबल एक्स एप' के जरिए ध्वनि की तीव्रता की जांच की, तो वह 113.8 डेसीबल दर्ज की गई, जो कि निर्धारित सीमा से काफी अधिक और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। दूसरी कार्रवाई पलासिया पुलिस द्वारा की गई। पुलिस ने न्यू मालवीय नगर निवासी मिथिलेश राय को तेज आवाज में म्यूजिक सिस्टम बजाकर शांति भंग करने के मामले में पकड़ा। पुलिस ने आरोपी का डीजे वाहन जब्त कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की है।

# तलाक का विवाद...पति ने पत्नी पर किए पेचकस से वार

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक पति की बर्बरता का मामला सामने आया है, जहाँ तलाक के विवाद को लेकर उसने अपनी ही बीमार पत्नी पर पेचकस से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**बीमारी की हालत में घर पहुंचा पति, करने लगा गाली-गलौज-** पुलिस के मुताबिक, नेहरू नगर निवासी फरियादिया पार्वती सुनहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी तबीयत खराब थी और वे घर पर आराम कर रही थीं। इसी दौरान उनका पति गणेश सुनहरे घर पहुंचा। पति-पत्नी के बीच कोर्ट में तलाक का मामला लंबित है, जिसे लेकर गणेश ने विवाद शुरू कर दिया।पार्वती का आरोप है कि गणेश ने उसे गालियां दीं और जबरन घर से बाहर निकलने के लिए दबाव बनाने लगा। जब पार्वती ने विरोध किया, तो आरोपी ने पहले हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई की और फिर पास रखे पेचकस से उसके दाहिने हाथ पर कई वार किए। हमले में लहूलुहान हुई महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला।सूचना मिलने पर एमआईजी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल पार्वती को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आरोपी गणेश सुनहरे के खिलाफ मारपीट और गंभीर चोट पहुंचाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर मोबाइल, टैबलेट और गहने ले उड़े चोर

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी ओमेक्स सिटी वन में सुरक्षा दावों की पोल खोलते हुए बदमाशों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर एक सूने मकान का ताला तोड़कर कीमती इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, जेवरात और नकदी समेट ले गए। पुलिस के मुताबिक, फरियादी निशा बगेरिया निवासी शुभागन ओमेक्स सिटी वन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी जब घर से बाहर गई थीं, तभी अज्ञात बदमाश ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखा विवो मोबाइल, सैमसंग गैलेक्सी टैब, सोने-चांदी के आभूषण और नकद राशि चोरी कर ली।सूचना मिलते ही लसूड़िया पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस का मानना है कि वारदात के पीछे किसी रेकी करने वाले गिरोह का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस कॉलोनी के प्रवेश द्वारों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# एमजीए मेडिकल कॉलेज में हर साल 13 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नेशनल मेडिकल कमीशन ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग का निरीक्षण के बाद विभाग की व्यवस्थाओं और शैक्षणिक स्तर पर संतोष जताते हुए तीन एमसीएच की सीटों में वृद्धि कर दी है। अब हर साल 13 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक की भर्ती प्रवेश के समय होगी। निर्धारित समय के बाद हर साल 13 नए सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिलेंगे। अब एमजीएम मेडिकल कॉलेज में सुपरस्पेशलिटी एमसीएच सीटें बढ़कर 13 प्रति वर्ष हो जायेंगी। यह वृद्धि कॉलेज के बुनियादी ढांचे, आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता को देखते हुए की गई है। महाविद्यालय में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की सीटों में वृद्धि की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। वर्तमान में पीजी ब्रॉड स्पेशलिटी में कुल 283 सीटें संचालित हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा लगभग 72 अतिरिक्त सीटों की वृद्धि हेतु प्रस्ताव नेशनल मेडिकल कम्युनिकेशन (एनएमसी), नई दिल्ली को भेजने की तैयारी की जा रही है। इसी प्रकार, पीजी सुपर स्पेशलिटी में वर्तमान में 10 सीटें संचालित हैं। एनएमसी द्वारा एमसीएच न्यूरो सर्जरी की 3 सीटों की वृद्धि को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आज शाम से कनकेश्वरी देवी क्रिकेट टूर्नामेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ कनकेश्वरी देवी रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आज शाम 7 बजे से सुपर कॉरिडोर वेदा बिल्डिंग के पास मेट्रो स्टेशन के सामने आयोजित किए जाएंगे। प्रतीक सिंह बघेल मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस आयोजन से विपिन सोलंकी, राजकुमार मालवीय जुड़े हुए हैं।

# इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एबीवीपी द्वारा आज रविवार और कल सोमवार को इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय फुटबॉल ग्राउंड पर आज सुबह से किया जा रहा है। मैच आज के बाद कल सुबह से भी जारी रहेंगे। निर्धारित टीमों के बीच मुकाबले होंगे।

# सम्पूर्ण सुकन्या जिला अभियान

## 10 वर्ष से कम की बालिकाओं के खुलेंगे डाक विभाग में खाता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर जिले को सम्पूर्ण सुकन्या जिला बनाए जाने को लेकर अभियान की शुरूआत अधिकारी प्रीति अग्रवाल, सिद्धार्थ जैन, शिवांशु कुमार की मौजूदगी में डाक विभाग द्वारा की गई। इस अभियान में जिले में 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना का खाता डाकघर में खोला जाएगा। उक्त खाते में जमा धनराशि का उपयोग बालिकाओं की उच्च शिक्षा, विवाह आदि महत्वपूर्ण कार्य में किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि सुकन्या समृद्धि खाता न्यूनतम जमा राशि रुपए 250/- से खोला जा सकता है एवं इस पर 8.2% वार्षिक ब्याज दिया जाता है। कार्यक्रम मे डाक जीवन बीमा, डाकघर बचत योजना, आधार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।




# विद्युत उपभोक्ता शिकायत फोरम में 112 प्रकरण निराकृत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र में पिछले बारह माह के दौरान विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के माध्यम से बिजली संबंधी 112 प्रकरण निराकृत किए गए। कंपनी क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की कुल 81 बैठकें आयोजित की गई। फोरम की बैठक के दौरान प्रत्येक शिकायतकर्ता उपभोक्ता को उचित तरीके से निराकरण के माध्यम से संतुष्ट किया गया। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा इंदौर में 45, उज्जैन में 30, खरगोन 1, खंडवा 1, बुरहानपुर 1, शाजापुर1, मंदसौर 1, नीमच में 1 बैठक हुई।

# ज्युडिशियल ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगता का आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** न्यायिक कर्मचारी क्रिकेट क्लब ने ज्युडिशियल ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एस.एस. कम्युन क्रिकेट ऐकेडमी सनावदिया इन्दौर में किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायाधिपति श्री संजीव एस. कालगांवकर एवं विशेष अतिथि तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय सुरोठिया एवं प्रांतीय महासचिव नीरज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जिला न्यायालय इन्दौर के समस्त न्यायाधीशगण, जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण प्रतियोगिता में चौके, छक्के लगाते हुए दिखे। अधिवक्ता अमरसिंह राठौर, मुकेश पी जैन, अमित त्रिपाठी, सचिन सिंह शेखावत उपस्थित रहे। जजेस 11 टीम का नेतृत्व जितेन्द्रसिंह कुशवाह, कर्मचारी लायंस 11 टीम का नेतृत्व महेन्द्र मुन्दरे एवं मनीष मोरेले, हाईकोर्ट-11 टीम का नेतृत्व पंकज क्षीरसागर एवं डी.सी. 11 टीम का नेतृत्व प्रवीण मेलाने द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता की विनर टीम कर्मचारी लायंस 11 को ट्रॉफी न्यायाधिपति श्री संजीव एस. कालगांवकर के आतिथ्य में प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र मुन्दरे एवं मनीष मोरेले द्वारा किया गया एवं आभार टिन्कू जाटव, दीपक बाथम, अनिल धनौरा एवं सोहनलाल सैनी द्वारा व्यक्त किया गया। उक्त प्रतियोगिता में क्रिकेट क्लब के दयाराम राजपूत, राणा अजयसिंह, मनोज खरे, दीपक भालेराव, रणजीत, सौरभ, प्रवीण लढा, शैलेन्द्र पाल, संजय सोलंकी, सत्यजीत, सिद्धार्थ, गब्बर राजपूत, वीरेन्द्र सोनिया, कैलाश नांदले, सुशील जोशी आदि उपस्थित रहे।

# महू स्पोर्ट्स की रोमांचक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में महू स्पोर्ट्स एवं राउ क्लब के मध्य मेच खेला गया जिसमें महू स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवरो में 8 विकेट खोकर 107 रन बनाये।





सौरभ परिहार ने 33 रन बनाये। संदीप चौधरी ने 3 विकेट लिये । जवाब मे राउ क्लब की टीम 15 ओवरो में 8 विकेट खोकर 88 रन ही बना पाई और यह मैच 19 रनों से हार गई । शुभम गुंजाल ने 35 रन बनाये। दीपांशु राजपुत ने 3 विकेट लिये ।

## इन्दौर कोल्टस की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच इंदौर कोल्टस एवं एनसीए के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 123 रन बनाये। निरज यादव ने 34 रन बनाये। अभिषेक यादव ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम ने 18 ओवरो में 5 विकेट खोकर 123 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया । मनन मेहता ने नाबाद 46 रन एवं अभिषेक यादव ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 31 रन बनाये ।

## विजय क्लब की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच विजय क्लब एवं एसबीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसएलएफए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट पर 140 रन बनाये। प्रणव परिहार ने 44 रन बनाये। राहुल, वैदिक व विनय ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में विजय क्लब की टीम ने 17 ओवरो में 2 विकेट खोकर 141 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। आयुष निगम ने 47 गेंदो पर 8 चौको व 5 छक्के की मदद से आक्रामक 85 रन बनाये ।

## आरबीसीएफ की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आरबीसीएफ एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट पर 200 रन बनाये। हार्दिक चौधरी ने 61 रन, आदित्य कौशिक ने 51 रन एव आशीष बागडिया ने 47 रन बनाये।



अनिल मौर्य ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोटस की टीम 20 ओवरो में 154 रनों पर सिमट गई और यह मैच 47 रनों से हार गई । इशान चौधरी ने 37 रन बनाये। रितांशु राजपुत ने 22 रन देकर 5 विकेट एवं विकी वाघले ने 3 विकट लिये ।

# श्रीलंका के सामने इंग्लैंड की चुनौती आज दोपहर में होगा मुकाबला

**कोलंबो ।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 में भले ही इंग्लैंड की टीम पहुंच गई है, लेकिन अब तक इंग्लैंड ने इस टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। आज पल्लेकेले में होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की दमदार प्रदर्शन करना चाहेगी। इस आईसीसी टूर्नामेंट से पहले खेली गई 3 मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड ने मेजबान श्रीलंका का क्लीन स्वीप किया था। उस प्रदर्शन से इंग्लैंड की टीम प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।

इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था, जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी।

सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई।

दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा।

# न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अब भी सेमीफाइनल में कर सकती क्वालीफाई

**कोलंबो ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 सुपर-8 का आगाज अच्छा नहीं रहा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच सुपर-8 का पहला मैच शनिवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना था, मगर इंद्रदेव को कुछ और ही मंजूर था। बारिश के कारण यह मैच रद्द हो गया, सुपर-8 में कोई रिजर्व डे नहीं है जिस वजह से दोनों टीमों के बीच 1-1 अंक बांट दिया गया। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड मैच रद्द होनों से पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों टीमों की मुश्किलें बढ़ गई है। अब सेमीफाइनल के लिए उन्हें बचे दो मुकाबलों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। एक हार उनकी सेमीफाइनल की उम्मीदों को तगड़ा झटका दे सकती है।

**आईए समझते हैं पाकिस्तान और न्यूजीलैंड का सेमीफाइनल समीकरण-** सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश के भेट चढ़ने के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 1-1 अंक बांट दिया गाय है। अब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों टीमों को अगले दो मैच श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलने है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के पास अब अधिकतम 5 पॉइंट्स तक पहुंचने का मौका है, अगर वह अगले दोनों मैच जीतने में कामयाब रहती है तो। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड सुपर-8 के अपने-अपने अगले दोनों मैच जीत जाती है तो वह 5 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में जगह बना सकती है, क्योंकि 4 पॉइंट्स के साथ श्रीलंका और इंग्लैंड ऐसा नहीं कर पाएगी।



# सॉफ्टवेयर एसोसिएशन क्रिकेट लीग में आज नॉकआउट मुकाबले

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित आईएसए क्रिकेट लीग का आयोजन यशवंत क्लब में किया जा रहा है। लीग के पहले दिन मुकाबलों में ग्रुप ए से आरणा सॉफ्टेक और कंट्रोल एफ5 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर-फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। दोनों टीमों ने बेहतरीन तालमेल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। लीग में भाग लेने वाली सभी टीमों ने अनुशासन, सहयोग और स्पोर्ट्समैन स्पिरिट का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।आईएसए प्रबंधन के सचिन साबू और स्वप्निल बंसल ने बताया कि दूसरे नॉकआउट मुकाबले आज 22 एवं 27 और 28 फरवरी को भी यशवंत क्लब में आयोजित किए जाएंगे।

# विजयीक्रम जारी रखना चाहेगी दोनों टीमें

## पिछले वर्ल्ड कप का फाइनल खेली थी भारत और द. अफ्रीका टीमें



**नई दिल्ली ।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का सुपर 8 का मुकाबला भारत और साउथ अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा। दोनों टीमें शानदार लय में चल रही हैं। भारत और साउथ अफ्रीका अब तक इस टूर्नामेंट में अजेय हैं। पिछली बार टी20 वर्ल्ड कप में दोनों का आमना-सामना 2024 के फाइनल में हुआ था।

उस रोमांचक मुकाबले में भारत ने जीत दर्ज की थी और चैंपियन बना था। साउथ अफ्रीका अब मैदान में उस फाइनल की हार का बदला लेने के लिए उतरेगी जबकि भारत एक बार फिर इतिहास दोहराने को देखेगा। दोनों टीमों के बीच एक हाई वोल्टेज मुकाबले की उम्मीद है। आइये एक बार जानते हैं कि इस मैच में पिच कैसा खेल सकती है।

अहमदाबाज के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली होती है। यहां पर बल्लेबाजों को काफी मदद मिलती है। अच्छा उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर भी अच्छी आती है। तेज गेंदबाजों को भी थोड़ी मदद मिलती है। हमको भारत और साउथ अफ्रीका के बीच एक हाई स्कोरिंग मुकाबला भी देखने को मिल सकता है। इसकी वजह है कि दोनों टीमों के पास कमाल के बल्लेबाज हैं और वह इन परिस्थितियों में काफी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

अब तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 15 मुकाबले खेले गए हैं, इसमें से पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 10 तो दूसरी बैटिंग करने वाली टीम ने 5 मुकाबले जीते हैं। आंकड़ों के चलते जो भी टीम टॉस जीतेगी वे पहले बल्लेबाजी कर सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर टी20 में अहमदाबाद में 173 रन है।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज।

**साउथ अफ्रीकाः** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डि कॉक (विकेटकीपर), रियान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, जेसन स्मिथ, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, कागिसो रबाडा, एनरिक नॉर्खिया, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, मार्को यानसन।

# सोहम की आकर्षक पारी से देव्ज एकेडमी की शानदार जीत



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत दुधिया रोशनी में देव्ज एकेडमी एवं आयससीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें आयसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट पर 129 रन बनाए। मृदुल, मोहिल व रिषभ ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में देव्ज ऐकेडमी की टीम ने 13 ओवरो में 5 विकेट खोकर 134 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया । सोहम पटवर्धन ने मात्र 18 गेंदों में 5 चौके व 3 छक्के की मदद से 49 रन बनाये।

## एमवायसीसी की आसान जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 141 रन बनाये। अमन यादव ने 39 रन बनाये। सादा नागोरी ने 2 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 19 ओवरो में 4 विकट खोकर 145 रन बना लिये ओर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया । कुलदीप गेही ने 43 गेदो पर 11 चोके व 3 छक्के की मदद से आक्रामक 84 रन बनाये।

# नादिया, शशिकांत, अनिल किरण, अजय सेमीफाइनल में



**इंदौर ।** इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित सिम्बायोटेक ट्रॉफी 9वीं इंदौर जिला मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा में निखिल आप्टे, विजय घोसले, मनीष त्रिवेदी ने 50+, शेखर तिवारी, संदीप गोखले और अमर चंदानी ने 55+ एवं रितेश चंदानी, राकेश सोनी, धर्मेश यशलहा और राजेश कोहली ने 60+ पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में हो रही स्पर्धा में किरण देशमुख और विक्रम गुप्ते, राकेश सोनी और पी एन शर्मा और रितेश चंदानी और अनोखीलाल जैन 60+, अजय मोहता और एम डी यादव, किरण देशमुख और आर पी सिंह नैयर, अनोखीलाल जैन और पी एन शर्मा ने 65+ पुरुष युगल, अनिल बारगल, अनिल इंगले, शशिकांत तायडे और विजय रांगणेकर ने 70+ पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरव पाठक 35+ पुरुष एकल, नादिया मुजुमदार, प्राची चौबे और निधि अग्रवाल 35+ महिला एकल के सेमीफाइनल में हैं, 50+ महिला एकल में जयश्री यादव, नीलम अभ्यंकर, दीपा व्यास सेमीफाइनल में आई। 50+ पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में निखिल आप्टे ने दुर्मेध पवार को 18-21, 21-13, 21-16 से, 60+ पुरुष एकल में राकेश सोनी ने दीपक मोहिते को 21-19,21-9 से हराया, 35+ महिला एकल में नादिया मुजुमदार ने जुही धामा को 21-8,21-7 से. 35_ पुरुष एकल में गौरव पाठक ने रुबल वर्मा को 21-11,21-18 से पराजित किया। 60+ पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में किरण देशमुख और विक्रम गुप्ते ने दीपक मोहिते और धर्मेश यशलहा को 21-5, 21-10 से हराया, अजय मोहता और एम डी यादव ने 65+ पुरुष युगल में अनोखीलाल जैन और पी एन शर्मा को 21-23,27-25,21-15 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई । 50+ पुरुष युगल में कमल नवलानी और आदेश गुप्ता ने दुर्मेध पवार और संदीप गोखले को 21-7,21-16 से हराया, दीपक रामरख्यानी और दिनेश पाहुजा, निखिल आप्टे और संजय पाटीदार 50+ पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हैं, 27 वर्गों के मुकाबले हो रहे हैं।

# कुणाल, प्रमोद, नवीन, सुभाष, संध्या संस्कृति, मिनाक्षी क्वार्टर फायनल में



**इंदौर।** मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा आयोजित किशनचंद मंघनानी स्मृति राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा के ग्रुप लीग मुकाबलों में विभिन्न आयु वर्गो के वरीयता प्राप्त खिलाडी भोपाल के कुणाल गजभिये, इंदौर के प्रमोद सोनी, नवीन नातु, ग्वालियर के एस.टी. दहीवासे वहीं महिला वर्ग में भोपाल की संध्या सोमानी, संस्कृति मिश्रा, छिंदवाडा की मिनाक्षी श्रीवास, इंदौर की मनिषा कटारिया, नीता वैष्णव ने अपने अपने मुकाबलें जीतकर क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया।

अभय प्रशाल में आयोजित स्पर्धा के ग्रुप लीग मुकाबलो में पुरुष 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कुणाल गजभिये (भोपाल) ने रोहित गुप्ता (जबलपुर) को 3-0 से, नवीन नातु ने श्रीकृष्णा राजपूत (दोनो इंदौर) को 3-0 से, मनिष जोशी ने विशाल वर्मा (दोनो इंदौर) को 3-0 से, कनक मीणा (भोपाल) ने तुषार शर्मा (इंदौर) को 3-0 से मात दी। पुरुष 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रमोद सानी (इंदौर) ने अशोक मांजरेकर (ग्वालियर) को 3-1 से, जयंत रतन पारकी (इंदौर) ने सुरेन्द्र वषिष्ठ (उज्जैन) को 3-0 से, शंकर राव (भोपाल) ने प्रकाष भालेराव (इंदौर) को 3-0 से हराया।

वही महिला एकल वर्ग के लीग मुकाबलों में संध्या सोमानी (भोपाल) ने मिनाक्षी श्रीवास (छिंदवाडा) को 3-0 से, अर्चना राठौर (भोपाल) ने संध्या पटवा (इंदौर) को 3-1 से, संस्कृति मिश्रा (भोपाल) ने साधना नेहलानी (इंदौर) को 3-0 से, मनीषा कटारिया ने रष्मि सोनी (दोनो इंदौर) को 3-0 से परास्त कर क्वार्टर फायनल मुकाबलों में जगह बनाई। वही मिश्रित युगल वर्ग में किशोर मोटवानी व नीता वैष्णव ने अशोक इंगल मिनाक्षी श्रीवास को 3-0 से, विषाल जोशी व रश्मि सोनी की जोडी ने कुणाल गजभिये व अर्चना राठौर को 3-0 से, विवेक चौकसे व संस्कृति मिश्रा की जोडी ने मनोज शर्मा व साधना नेहलानी को 3-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ महापौर परिषद के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया तथा मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जयेष आचार्य, आसना मंधनानी, रिंकु आचार्य, नीलेश वेद व गौरव पटेल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आर.सी. मौर्या ने किया तथा धरम बंजारा ने आभार व्यक्त किया।

# स्मृति के निशाने पर रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।** 2024 में टी-20आई क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आज भी मेंस और वुमेंस क्रिकेट मिलाकर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। हिटमैन ने अपने टी-20आई करियर में खेले 159 मैचों की 151 पारियों में 140.89 के स्ट्राइक रेट के साथ 4231 रन बनाए थे। वह मेंस क्रिकेट में आज भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की रेस में बाबर आजम के बाद दूसरे पायदान पर हैं। भारतीय वुमेंस टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शनिवार, 21 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए 3 मैच की टी20 सीरीज के डिसाइडर मुकाबले में 82 रनों की मैच जिताऊ पारी खेल बड़ा कारनामा कर दिखाया है। स्मृति मंधाना ने टी-20आई क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है और वह अब भारत की नंबर-1 टी-20आई प्लेयर बनने से मात्र 1 ही रन दूर है। स्मृति मंधाना के टी-20आई आंकड़ों पर नजर डालें तो, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 82 रनों की इस मैच जिताऊ पारी के बाद उनके कुल टी-20आई रन रोहित शर्मा के बराबर 4231 हो गए हैं। मंधाना ने यह रन 160 मैचों की 154 पारियों में बनाए हैं। स्मृति मंधाना वुमेंस क्रिकेट में न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के बाद टी-20आई में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी बैटर है।



# गुजरात ले जाई जा रही थी शराब



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

मुखबिर की सूचना के बाद आबकारी विभाग मालवा मिल वृत ने लसूड़िया मोरी रोड पर एक व्यक्ति को रोका, जो सूटकेस में शराब भरकर गुजरात जाने वाली बस का इंतजार कर रहा था। आबकारी टीम ने इस व्यक्ति के सूटकेस की तलाशी ली तो सूटकेस से 20 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 32 हजार रुपये पायी गयी। सम्पूर्ण मदिरा को जब्त कर आरोपी जय कुटक, निवासी मोरबी (गुजरात) के विरुद्ध आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई, शराब जब्त की गई और जय कुटक की गिरफ्तारी की गई। आबकारी विभाग के देवेश चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, प्रीति चौबे, सुनील मालवीय और टीम की भूमिका सराहनीय रही।

**20 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 32 हजार रुपए पाई गया**

## शराब दुकान के पास चाकूबाजी, तीन घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। खुडैल थाना क्षेत्र के देवगुराड़िया में बीती रात मामूली पूछताछ को लेकर हुआ विवाद चाकूबाजी में बदल गया। शराब दुकान के पास बने मैदान में बीयर पी रहे तीन दोस्तों पर दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार, फरियादी आदित्य अपने साथी रोहित और विश्वजीत के साथ मैदान में बैठे थे, तभी पास में ही दो अन्य अज्ञात व्यक्ति भी शराब पी रहे थे। आदित्य ने जब उनसे सामान्य लहजे में पूछा कि 'आप लोग कहाँ से हो?', तो आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू निकालकर तीनों पर वार कर दिए। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायलों को उपचार के लिए जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं खुडैल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# तू मेरे पति के साथ क्यों आई? कहकर भिड़ी दो महिलाएं

## जमकर चले लात-घूंसे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। सिमरोल थाना इलाके में उस समय अफरातफरी मच गई, जब दो महिलाएं बीच सड़क पर एक-दूसरे से भिड़ गईं। मामला पति के साथ दूसरी महिला को बाजार में देखने से शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सिमरोल पुलिस के मुताबिक, घटना एक दुकान के सामने की है। फरियादी रोशनी पति मोहन ने पुलिस को बताया कि जब वह बाजार गई थी, तो उसने अपने पति मोहन को कल्लोबाई उर्फ मंजू नाम की महिला के साथ घूमते हुए देखा। पति को दूसरी महिला के साथ देख रोशनी अपना आपा खो बैठी और उसने मंजू से सीधे सवाल कर दिया 'तू मेरे पति के साथ बाजार क्यों आई है?' इतना सुनते ही आरोपी कल्लोबाई भड़क गई और उसने सरेराह रोशनी को गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि कल्लोबाई ने रोशनी पर हमला कर दिया और उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। बीच बाजार में हो रहे इस ड्रामे को देख लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बाद में आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया।मारपीट के बाद पीड़िता रोशनी सीधे थाने पहुंची और आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी कल्लोबाई उर्फ मंजू के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

# गाली देने से मना किया तो भाइयों ने कुल्हाड़ी से किया हमला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। सिमरोल थाना क्षेत्र में आपसी विवाद और गाली-गलौज को लेकर हिंसा के मामले सामने आए हैं। पहले मामले में सगे भाइयों ने ही अपने भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया, वहीं दूसरे मामले में मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम धावडिया निवासी विजय पिता रामकरण कोहली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके भाई बलराम और आकाश, चाचा देवकरण के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। जब विजय ने उन्हें रोका और पूछा कि 'चाचा को गाली क्यों दे रहे हो', तो दोनों आरोपी भड़क गए। विवाद इतना बढ़ा कि बलराम और आकाश ने विजय पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर, सिमरोल क्षेत्र के ही ग्राम मेंडल में भी मारपीट की एक अन्य घटना हुई। पुलिस ने फरियादी राहुल पिता कल्लू बागड़ी की शिकायत पर आरोपी भावसिंह पिता बंशीलाल और नदान पिता बिसन के विरुद्ध केस दर्ज किया है। राहुल ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट की।

# चुनावी रंजिश में चाचा-भतीजे को पीटा

**आरोपियों ने दी धमकी-सरपंच का फॉर्म भरा तो मस्जिद में नहीं आने देंगे**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चांदनखेड़ी में सरपंच चुनाव को लेकर उपजा विवाद हिंसक हो गया। चुनावी प्रतिद्वंद्विता के चलते आरोपियों ने एक युवक और उसके चाचा पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

फरियादी अरबाज पटेल ने पुलिस को बताया कि आरोपी दिलावर, इस्लाम, समीर और मकसूद ने उन्हें रास्ते में रोककर धमकाया कि यदि उनके पिता गब्बर पटेल ने सरपंच चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया, तो उन्हें मस्जिद में दाखिल नहीं होने दिया जाएगा। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अरबाज और उसके चाचा के साथ जमकर मारपीट की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। गौतमपुरा पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच और उनकी धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ई-केवायसी के बहाने ऑनलाइन धोखाधड़ी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक आरोपी ने बैंक कर्मचारी बनकर ई-केवायसी के बहाने फरियादी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर दी। उसके खाते से हजारों रुपए उड़ा लिए। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक ऑनलाइन धोखाधड़ी की वारदात फरियादी विकास पिता कैलाश शुक्ला निवासी सेक्टर बी स्कीम नंबर 71 के साथ गत 13 फरवरी की शाम को हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे वाट्स एप पर दो नंबर से कॉल आया और मैसेज भी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी बताया और ई-केवायसी का झांसा देकर जानकारियां ली। उसके बाद मेरे खाते से रुपए उड़ाकर धोखाधडी को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद कल आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। थाने की सायबर डेस्क की मदद से जांच की जा रही है।

# व्यवसायी को धमकाने वाला बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने इलाके की गलियों में निकाला जुलूस

इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपए के प्लॉट विवाद में एक व्यवसायी को धमकाने वाले आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर क्षेत्र में उसका पैदल जुलूस निकाला। आरोपी ने खुद को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए कई सफेदपोशों और नेताओं से फोन भी करवाए, लेकिन पुलिस ने सख्ती बरतते हुए उसकी हेकड़ी निकाल दी।

पुलिस के मुताबिक, विदुर नगर निवासी आरोपी प्रेम प्रजापति के खिलाफ व्यवसायी सौरभ राठौर ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने फरियादी को कुख्यात किशोर हटकर उर्फ 'भाऊ' के नाम से धमकाया था। वह पुराने विवाद में समझौते के लिए और प्लॉट के बदले 40 लाख रुपए की अड़ीबाजी की कोशिश कर रहा था।द्वारकापुरी पुलिस ने कल शाम प्रेम प्रजापति को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने खुद को बचाने के लिए रसूखदारों का सहारा लिया और पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी। जनता के मन से गुंडे का खौफ खत्म करने के लिए पुलिस उसे द्वारकापुरी क्षेत्र में पैदल घुमाते हुए थाने ले गई। आरोपी प्रेम प्रजापति कोई साधारण अपराधी नहीं है, उस पर पूर्व में भी जमीन कब्जा, धोखाधड़ी, मारपीट और हत्या जैसे करीब आधा दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इस मामले में अन्य कड़ियों की जांच कर रही है और यह पता लगा रही है कि इस साजिश में उसके साथ और कौन शामिल था।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।